संख्या- 1/3/96- का-4-2000

प्रेषक,

डा0 योगेन्द्र नारायण,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवामें,

समस्त प्रमुख सचिव/ सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

कार्मिक अनुभाग-4, लखनऊ: दिनाँक : मई 30 , 2000 ।

विषय:- पंचायत सामान्य निर्वाचन के सम्बन्ध में ।

महोदय,

उपर्युक्त के सम्बन्ध में आपको यह अवगत कराने का मुझे निदेश हुआ है, कि राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश द्वारा पंचायत सामान्य निर्वाचन के सम्बन्ध में दिनाँक 18 मई, 2000 को अधिसूचना जारी कर दी गयी है । अत: उपर्युक्त निर्वाचन सम्पन्न होने तक मैदानी क्षेत्र में कार्यरत पंचायत निर्वाचन में सम्बद्ध किये गये अधिकारियों/ कर्मचारियों के स्थानान्तरण न किए जाँय ।

2. कृपया उपर्युक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय ।

भवदीय,

डा0योगेन्द्र नारायण
मुख्य सचिव ।

संख्या- 1/3/96(1)-का-4-2000, तद्दिनाँक ।

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. राज्य निर्वाचन आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
2. समस्त विभागाध्यक्ष/प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश ।
3. समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश ।
4. प्रमुख सचिव, श्री राज्यपाल ।
5. प्रमुख सचिव, मा0 मुख्य मंत्री जी ।
6. स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव ।
7. सचिवालय के समस्त अनुभाग ।

आज्ञा से,

(प्रदीप शुक्ला)
सचिव ।